सभी शांतिप्रिय राष्ट्रों को आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होना होगा - लोक सभा अध्यक्ष

कैंप : वेलिंग्टन, 20 सितंबर 2016 : न्यूजीलैंड का दौरा कर रहे भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रही लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने आज न्यूज़ीलैंड के कार्यकारी प्रधान मंत्री श्री बिल इंग्लिश से भेंट की। भेंट वार्ता के दौरान, उन्होंने राष्ट्र - प्रायोजित आतंकवाद का मुद्दा उठाया और कहा कि भारत सीमा पर से आतंकवादियों के कायरतापूर्ण हमलों का लंबे समय से शिकार रहा है। इस सन्दर्भ में, उन्होंने आग्रह किया कि विश्व के सभी शांति प्रिय राष्ट्रों को आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब समय आ गया है कि आतंकवाद को पनाह देने वाले देशों को अलग-थलग किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ऐतिहासिक और पारंपरिक रूप से अहिंसा का पुजारी रहा है, जो विश्व में समृद्धि, बंधुता और शांति को बढ़ावा देने के लिए सौहार्दपूर्ण सह-अस्तित्व की भावना में विश्वास रखता है।

इस बात पर ध्यान देते हुए कि सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए परमाणु ऊर्जा एक महत्वपूर्ण घटक है, श्रीमती महाजन ने कहा कि भारत की स्वच्छ ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एन एस जी) की सदस्यता अत्यंत आवश्यक है। इसलिए, परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में भारत की सदस्यता वैश्विक परमाणु अप्रसार लक्ष्यों को सुदृढ़ता प्रदान करेगी और उन्होंने यह भी कहा कि इस सन्दर्भ में भारत न्यूज़ीलैंड के समर्थन और सहयोग की अपेक्षा रखता है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में भारत की दावेदारी का उल्लेख करते हुए श्रीमती महाजन ने इस बात को दोहराया कि दोनों देश महसूस करते हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष आ रही चुनैतियों का सामना करने में वर्तमान संयुक्त राष्ट्र प्रणालियाँ अपर्याप्त हैं। उन्होंने विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यता हेतु भारत की साख को न्यूज़ीलैंड द्वारा मान्यता दिया जाने की सराहना की।

डेयरी और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में न्यूज़ीलैंड की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए श्रीमती

महाजन ने कहा कि इस विशेष क्षेत्र में उसके उल्लेखनीय अनुभव से भारत को सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने 'मेक इन इंडिया ' कार्यक्रम में भारतीय उद्यमियों के साथ सहयोग करने के लिए न्यूज़ीलैंड के निवेशकों और उद्यमियों को आमंत्रित किया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफ टी ए) से सम्बंधित वार्ता की प्रगति अत्यंत उत्साहवर्धक है।

माननीय डेविड कार्टर, स्पीकर, न्यूज़ीलैंड हाउस ऑफ़ रिप्रेसेंटेटीव के साथ हुई बैठक में, श्रीमती महाजन ने इस बात को नोट किया कि भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच संसदीय आदान - प्रदान और सहयोग की स्वस्थ परंपरा विद्यमान है। इससे दोनों देशों के बीच मित्रता और सद्भाव में बढ़ोतरी हुई है और भारत इस भावना को विकसित करने मे विश्वास रखता है। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने में भारतीय समुदाय द्वारा निभाई जा रही रचनात्मक और सार्थक भूमिका की भी प्रशंसा की।